हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 6 अप्रैल 2026

07 ऐतिहासिक: आस्था, एकता और उत्सव का अद्भुत..



08 पीईटी परीक्षा का विरोध, शिक्षक अध्यापक संयुक्त...





### नई जगह किसी को आपत्ति नहीं फिर भी विभाग पुरानी जगह दुकान खुलवाने अड़ा

## पुरानी जगह पर शराब दुकान खोलने के आदेश के विरोध में चक्काजाम, आत्मदाह करने का प्रयास

**प्रदर्शनकारी बोले: जब किसी को आपत्ति नहीं तो ऐसा निर्देश क्यों दिया।**



विदिशा। चक्काजाम के दौरान टीआई को समस्या बताते हुए स्थानीय लोग।



विदिशा। दुकान पुरानी जगह पर खोलने के विरोध में सड़क पर बैठी महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पीतलमिल क्षेत्र में शराब की दुकान को मुख्य सड़क पर वापस लाने की आबकारी विभाग की तैयारी के खिलाफ रविवार को स्थानीय लोगों ने चक्काजाम कर दिया। जानकारी के अनुसार हाल ही में यह दुकान मुख्य सड़क से हटाकर एक गली में स्थानांतरित की गई थी, जिससे स्थानीय निवासियों ने राहत महसूस की थी।

आबकारी विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकान में ताला लगा दिया और इसे दोबारा मुख्य सड़क पर शिफ्ट करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। विरोध की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्र मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांग पर अड़े रहे।

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि पिछले तीन वर्षों से मुख्य सड़क पर दुकान संचालित होने के कारण आए दिन जाम, विवाद, गाली-गलौज और मारपीट जैसी घटनाएं होती थीं। विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। दुकान के गली में स्थानांतरित होने के बाद क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनी थी, जिससे लोग संतुष्ट थे। आशा सिंह राजपूत ने आबकारी विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि विभाग बिना किसी लिखित आदेश या नोटिस के कार्रवाई कर रहा है, जो नियमों के विरुद्ध है। राजपूत ने यह भी आरोप लगाया कि किसी राजनीतिक दबाव में दुकान को दोबारा मुख्य सड़क पर स्थानांतरित कराने की कोशिश की जा रही है।

### आंदोलन की चेतावनी

ठेकेदार के मुताबिक पुरानी जगह पर किराया अधिक और जगह कम थी, जबकि नई जगह (अंदर) में पर्याप्त स्थान और कम किराया है। इसके साथ ही दुकान के स्थानांतरण से लोगों को भी राहत मिली है। ठेकेदार ने बताया कि दुकान शिफ्ट करने से पहले विभाग को आवेदन भी दिया गया था। रहवासियों, खासकर महिलाओं ने स्पष्ट तौर पर कहा कि मेन रोड पर दुकान होने से उन्हें रोजना परेशानी का सामना करना पड़ता था। सड़क पर शराब पीना, गाली-गलौज और झगड़े आम बात थी। अब जब दुकान अंदर शिफ्ट हो गई थी, तो माहौल शांत हुआ था, लेकिन दोबारा दुकान को पुरानी जगह लाने की कोशिश हो रही है, जिसके कारण लोगों में आक्रोश है। घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि नई जगह पर दुकान संचालन से न तो स्थानीय रहवासियों को कोई आपत्ति है और न ही ठेकेदार को कोई दिक्कत। ऐसे में पुरानी जगह पर दुकान खोलने की जिद समझ से परे है। लोगों का आरोप था कि यह निर्णय जनभावनाओं के विपरीत है और इसमें राजनीतिक हस्तक्षेप की भूमिका नजर आ रही है।

## छह माह से वेतन नहीं मिला एसएटीआई कॉलेज के 120 कर्मचारियों की हड़ताल शुरू

**स्वीकृत डीए के अनुरूप वेतन भी कई वर्षों से नहीं दिया जा रहा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

एसएटीआई पॉलिटेक्निक कॉलेज के कर्मचारी पिछले 6 महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

कर्मचारियों का कहना है कि किराया, बच्चों की पढ़ाई, चिकित्सा और ऋण की किस्तें चुकाना कठिन हो गया है। इसके बावजूद वे नियमित रूप से शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्य करते रहे। कर्मचारियों ने बताया कि शासन द्वारा स्वीकृत डीए के अनुरूप वेतन भी कई वर्षों से नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में सांसद एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधायक मुकेश टंडन तथा संस्था अध्यक्ष ज्योतिरादित्य सिंधिया को ज्ञापन व पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद भी समाधान न मिलने पर कर्मचारियों ने आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। कॉलेज के सभी 120 कर्मचारी अनिशिचितकालीन हड़ताल पर रहेंगे।

### चार माह से फरार हत्या के प्रयास के तीन इनामी आरोपी गिरफ्तार, कुल्हाड़ी बरामद

**हरिभूमि न्यूज .विदिशा।** थाना मुगलसराय पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में चार माह से फरार चल रहे तीन इनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त धारदार हथियार कुल्हाड़ी भी जब्त की गई है। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन एवं एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे तथा एसडीओपी सोनू डाबर के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार 22 नवंबर 2025 को ग्राम रूसल्ला अभयराज में गंभीर मारपीट की घटना हुई थी, जिसमें तुलसीदास त्यागी को गंभीर चोट आई थी। मामले में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। 5 अप्रैल को पुलिस ने देवेन्द्र, संतोष और राधारमण त्यागी को गिरफ्तार किया। तीनों पर एक-एक हजार रुपये का इनाम घोषित था। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

### खबर संक्षेप

#### विपिन बिहारी महाराज की कथा 24 से, ध्वज स्थापना आज होगी

**विदिशा।** राष्ट्रीय संत एवं गौ पीठाधीश्वर विपिन बिहारी महाराज की कथा 24 अप्रैल से रघुवंशी जी का बगीचा साकेत नगर शीतल धाम जैन मंदिर के पास हरिपुरा में होने जा रही है। जिसके लिए आज सोमवार शाम 5 बजे ध्वज स्थापना कथा स्थल पर होगी। आज ही कार्यालय उद्घाटन भी मेन रोड साकेत नगर हरिपुरा में होगा। कथा आयोजक सियाराम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 24 अप्रैल के दिन कांच मंदिर से हरिपुरा तक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का समापन 30 अप्रैल को होगा। कथा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। सियाराम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने नगरवासियों से शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।



#### सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम का निरीक्षण

**ग्यारसपुर।** विकासखंड ग्यारसपुर में 5 अप्रैल को भोपाल संभाग के समन्वयक वरुण आचार्य एवं जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की कक्षाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों से संवाद कर पाठ्यक्रम की उपयोगिता समझाई और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। जल संरक्षण को लेकर विशेष जागरूकता पर बल दिया गया। नवांकुर संस्थाओं, परामर्शदाताओं के कार्यों की समीक्षा कर फील्ड वर्क का अवलोकन किया गया। मोहनपुर समिति एवं मानोरा की गतिविधियों का भी निरीक्षण किया गया।

#### एक कुंडीय यज्ञ एवं पुंसवन संस्कार संपन्न

**ग्यारसपुर।** चौधरी नगर कॉलोनी में गायत्री परिजन नीरज तोमर के निवास पर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से एक कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गर्भस्थ पुण्य आत्मा के लिए विधि-विधान से पुंसवन संस्कार संपन्न हुआ, जिसमें नगर के अनेक गायत्री परिजन शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान त्यौदा मंडल के ग्राम खिरिया में 12 अप्रैल को होने वाले पंच कुंडीय यज्ञ की तैयारियों पर चर्चा की गई। 11 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली जाएगी। ग्रामीणों को पीले चावल व पंपलेट देकर आमंत्रित किया गया।

#### जानकारी तत्काल भेजें

**विदिशा।** भोपाल संभाग आयुक्त की पीएआर तैयार करने के लिए जिला प्रशासन ने सभी विभागों से 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धियों का विस्तृत विवरण तत्काल मांगा है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने निर्देश दिए हैं कि योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियां और व्यय का संपूर्ण ब्यौरा ए4 साइज हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी में भेजा जाए।

#### शिविर आयोजित

**विदिशा।** सेंट मेरी पीजी कॉलेज द्वारा ग्राम बर्री घाट और छापखेड़ा के मध्य बेतवा नदी तट स्थित ऐतिहासिक रामनगर में एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। संस्था संचालक फादर सिंटो वर्गीस के निर्देशन एवं प्रो. अरविंद द्विवेदी व प्रो. दीपा राठौर के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने परिसर व नदी तट की साफ-सफाई की, गाजर घास उन्मूलन तथा पौधों की देखभाल की। पूर्व नपा अधिकारी अमर सिंह दांगी ने पर्यावरण व जल संरक्षण पर जागरूक किया।

#### पत्रकार मोहम्मद हनीफ का निधन

**विदिशा।** नया कदम समाचार पत्र के संपादक एवं वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद हनीफ का निधन हो गया। उनका जनाजा रात 9 बजे उनके निवास मुगल टोला से निकाला गया।



### दाना पानी की तलाश में आए रेगिस्तानी जहाज....



विदिशा। रेगिस्तानी जहाज कहे जाने वाले ऊंटों के झुड शहर में दिखाई देने लगे हैं। फसलें कटते ही दाना और पानी की तलाश में राजस्थान से लोग ऊंट और भेड़ों को लेकर जिले में विचरण करते हैं। बारिश आते ही चले जाते हैं।

#### एआई प्रशिक्षण का द्वितीय चरण आज

**विदिशा।** जिला प्रशासन द्वारा शासकीय सेवकों को आधुनिक तकनीकों से सशक्त बनाने हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रशिक्षण का द्वितीय चरण आज सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट के ई-दक्ष केंद्र में आयोजित होगा। प्रथम चरण की सफलता के बाद यह अगला सत्र आयोजित किया जा रहा है। समन्वय की जिम्मेदारी ई-दक्ष ट्रेनर चंद्रजीत रघुवंशी को सौंपी गई है। प्रशिक्षण में इंजीनियर, उपयंत्री, एमआईएस कोऑर्डिनेटर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

## ई-विकास पोर्टल से बाहर उर्वरक वितरण पर सख्ती, 3 विक्रेताओं को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में उर्वरक वितरण की नई डिजिटल व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ई-विकास पोर्टल आधारित टोकन प्रणाली का पालन नहीं करने पर 3 उर्वरक विक्रेताओं कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया ने बताया कि गत वर्ष से जिले में उर्वरक वितरण के लिए ई-विकास पोर्टल के माध्यम से टोकन जारी करने की व्यवस्था लागू की गई थी, जिसे 1 अप्रैल से पूर्ण रूप से अनिवार्य कर दिया गया है। स्पष्ट निर्देश हैं कि इस प्रणाली के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से उर्वरक वितरण नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद कुछ विक्रेताओं द्वारा पूर्व में प्रचलित पीओएस मशीन के माध्यम से उर्वरक वितरण किया गया, जो शासन के निर्देशों का उल्लंघन माना गया है। इस पर कार्रवाई करते हुए मेसर्स साईं कृषि ट्रेडर्स ढ़ोलखेड़ी चौराह मेसर्स आर के ट्रेडिंग कंपनी सिरोंज तथा मेसर्स कुंदनमल दीपक कुमार ओसवाल त्योंदा रोड बासौदा को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिन के भीतर जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। संतोषजनक जवाब न होने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## हैदरगढ़ क्षेत्र में रात में आंधी-ओलावृष्टि से भारी तबाही फसलें खेतों में बिछ गई, कच्चे मकानों को भी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले की ग्यारसपुर तहसील के हैदरगढ़ और आसपास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार रात मौसम ने अचानक करवट ले ली।

रात करीब 11 बजे तेज आंधी-तूफान के साथ बेर के आकार के ओले गिरने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। खेतों में तैयार खड़ी गेहूं और चने की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज हवाओं और ओलावृष्टि के चलते कई खेतों में खड़ी फसलें जमीन पर बिछ गईं।

जिन किसानों ने फसल काटकर खलिहानों में रखी थी, उनकी उपज भी बारिश और ओलों से भीग गई। इससे अनाज की गुणवत्ता खराब होने और उत्पादन घटने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि इस समय फसल पूरी तरह पककर तैयार थी, ऐसे में यह नुकसान सीधे उनकी सालभर की मेहनत पर पानी फेरने जैसा है।

### 4–5 गांव प्रभावित, सर्वे की मांग

प्राकृतिक आपदा का असर केवल खेतों तक सीमित नहीं रहा। तेज हवाओं से कई कच्चे मकानों के कबेलू उड़ गए, जबकि टीन और फाइबर की चादरें दूर जा गिरीं। घरों की छतों पर रखा सामान भी बिखर गया। ग्रामीणों के मुताबिक, हैदरगढ़ क्षेत्र के करीब 4 से 5 गांव इस आपदा से प्रभावित हुए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र नुकसान का सर्वे कर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

## परशुराम जयंती से पहले शहर की सड़कों की मरम्मत की जाए

**विदिशा।** परशुराम जयंती से पूर्व शहर की जर्जर सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की जा रही है। 20 अप्रैल सोमवार को परशुराम जयंती के अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नागरिक शामिल होंगे। शहर की कई प्रमुख सड़कें लंबे समय से खराब स्थिति में हैं। जगह-जगह गड्ढे और टूटी सड़कें दुर्घटना की आशंका बढ़ा रही हैं। शोभायात्रा के दौरान हजारों लोग सड़कों पर रहेंगे, ऐसे में अव्यवस्था और हादसों की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन से प्रमुख मार्गों की मरम्मत, गड्ढों की भराई, साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की की गई है ताकि आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से संपन्न हो सके।

### नटेरन पुलिस ने चार साल से फरार 2 इनामी आरोपियों को दबोचा

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** नटेरन थाना पुलिस ने चार साल से फरार दो इनामी आरोपियों को दबोच लिया। आरोपी जिब्राईल (49) और हैदर खान (25), निवासी ग्राम करमेडी पर दो- दो हजार का इनाम था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम करमेडी में घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे व एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में की गई। गौवंश वध प्रकरण में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने विशेष टीम गठित की थी।

### रविंद्र जैन का निधन, मेडिकल कॉलेज में नेत्र दान हुआ

**विदिशा।** कांग्रेस के पूर्व नगराध्यक्ष एवं जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष रहे रविंद्र जैन हिरनई का निधन हो गया। कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। स्व. जैन के नेत्रों का दान किया गया। नेत्रदान में विशेष सहयोग नीता सराफ, आदेश जैन एवं चिपिन सराफ का रहा।



### बिजली का तार टूटने से 2 बीघा की फसल खाक

**अहमदपुर।** बिजली की लाइन का तार टूटने से ग्राम अहमदपुर कस्बा में रविवार को किसान उधम सिंह लोधी खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। करीब 2 बीघा की फसल जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से आग पर कब पाया। चौकीदार रूप सिंह लोधी ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को बुलाकर ट्रैक्टर एवं कल्टीवेटर की मदद से आग बुझाई।

### समन्वय और जनभागीदारी से जल संरक्षण कार्यों में तेजी

## बारिश में 5 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जल संकट से निपटने और भविष्य के लिए जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान जिले में व्यापक स्तर पर गति पकड़ चुका है। इस अभियान की खासियत विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयास और जनभागीदारी है, जिससे जल संरक्षण को जनांदोलन का स्वरूप मिल रहा है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा खेत तालाब निर्माण के 1399 लक्ष्य पूर्ण किए जा चुके हैं तथा डगवेल रिचार्ज के 596 कार्य संपन्न हुए हैं। अमृत सरोवर के सभी 8 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। मनरेगा अंतर्गत 3199 जल संरक्षण कार्य पूरे किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के 54 में से 43 कार्य पूर्ण हैं, जबकि शेष प्रगति पर हैं। नगरीय क्षेत्रों में अमृत 2.0 के तहत जल संरचनाओं के 4 कार्य पूर्ण हुए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नालों के शोधन और सफाई कार्यों को गति मिली है। 652 स्थानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं स्थापित करने की योजना है। साथ ही 23 हजार 603 गड्ढों की तैयारी पौधारोपण के लिए की जा रही है।

वन विभाग द्वारा भूजल संवर्धन के 6100 लक्ष्यों में से 1200 कार्य पूर्ण किए गए हैं। वन्यजीवों के लिए 2000 जल संरचनाओं में से 500 का निर्माण हो चुका है। वर्षा ऋतु में 5 लाख 9,400 पौधारोपण की तैयारी भी जारी है।

प्रशासन के अनुसार जल संचय-जन भागीदारी पोर्टल के माध्यम से आमजन की सहभागिता बढ़ रही है। यह अभियान जल संकट के समाधान के साथ पर्यावरण संतुलन और सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।




विदिशा। जल गंगा मिशन के तहत जन भागीदारी से लोगों को जागरुक करने चला रहे अभियान।

### वेत्रवती मंडल का 2 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग पूर्ण

## भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति नीति और बूथ प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

वेत्रवती नगर मंडल भाजपा द्वारा आयोजित 2 दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का रविवार को बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर समापन हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में मंडल के अपेक्षित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास और कार्यपद्धति से अवगत कराना था, ताकि वे जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बना सकें। प्रशिक्षण सत्र में भाजपा का इतिहास, वैचारिक अधिष्ठान, संगठन की रीति-नीति, बूथ प्रबंधन की रणनीति तथा सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। विधायक मुकेश टंडन ने कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावी तैयारियों के दृष्टिगत बूथ स्तर तक सक्रिय रहने और जनता के बीच सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का आह्वान किया।

समापन सत्र में आनंद जैन, राहुल जैन, बलवीर रघुवंशी, अरविंद श्रीवास्तव एवं तोरण सिंह दांगी ने भी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने संगठन की मजबूती में प्रशिक्षण वर्ग की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर नियंत्रक पंकज पांडे, मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### किसान कांग्रेस का प्रदर्शन आज



**गंजबासौदा।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस द्वारा सोमवार को 11 बजे नवीन कृषि मण्डी प्रांगण में पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री वीर सिंह रघुवंशी, पूर्व विधायक निशंक जैन, तोरण सिंह रघुवंशी, मोहित रघुवंशी, विनीत दांगी की उपस्थिति में प्रदर्शन किया जा रहा है। किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु इस प्रदर्शन के दौरान एसडीएम अनुभा जैन को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा एवं मंडी प्रांगण में प्रेसवार्ता आयोजित की जाएगी। वर्तमान में प्रदेश के किसानों को गेहूं खरीदी एवं समर्थन मूल्य से संबंधित गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। निर्धारित समय सीमा के भीतर किसान अपनी उपज का विक्रय नहीं कर पा रहे हैं, जिससे आर्थिक संकट गहराता जा रहा है और आगामी कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। इस दौरान मांग रखी जाएगी कि किसानों के लिए ऋण जमा करने की तिथि बढ़ाई जाए, समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित की जाए, मंडी में किसानों के लिए पीने के पानी और छाया की उचित व्यवस्था की जाए, सभी फसलों की मण्डी में समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर खरीदी पर रोक लगाई जावे। गेहूँ की समर्थन मूल्य पर खरीदी 2 दिवस में चालू की जावे। मण्डी प्रांगड़ में कचरे का ढेर और जगह-जगह गदंगी है। शासन इस ओर ध्यान केन्द्रित करें। उपज विक्रय के बाद तत्काल भुगतान सुनिश्चित किया जाए, खरीदी प्रक्रिया में मसूर की खरीदी सरकार द्वारा 2 क्विंटल प्रति बीघा के हिसाब से बढ़ाकर 4 क्विंटल प्रति बीघा की जाए। किसानों से संबंधित इस प्रदर्शन में किसान कांग्रेस के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं किसानों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

# स्थापना दिवस पर चार दिवसीय वेद कथा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आर्य समाज के 151 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय आर्य समाज मंदिर में आयोजित चार दिवसीय वेद कथा एवं आध्यात्मिक प्रवचनों का रविवार को पूर्णाहुति यज्ञ के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर वेद विदुषी डॉ. प्रियंका आचार्य द्वारा वेद, उपनिषद से संबंधित गहन विषयों पर प्रवचन दिए गए। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को वेदों के वास्तविक स्वरूप, ईश्वर के स्वरूप, यज्ञ की महत्ता एवं उपासना की विधि के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही ऋषि-महर्षियों के ज्ञान, देशभक्ति, त्याग और बलिदान की प्रेरणादायक गाथाओं का भी वर्णन किया गया। यह केवल एक आयोजन नहीं है, यह वैदिक संस्कृति का पुनर्जागरण है सत्य, ज्ञान और शांति की ओर एक कदम, आर्य समाज के 151 वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर एक ऐसा आध्यात्मिक महायज्ञ, जिसने पूरे नगर को भक्ति और ज्ञान के रंग में रंग दिया है। वेद विदुषी डॉ. प्रियंका आचार्य के सानिध्य में चार दिवसीय वेद कथा और आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन हुआ। जिसमें वेदों की वाणी गूंजती रही। यहां केवल धर्म की बात नहीं बल्कि जीवन के हर पहलू की चर्चा हो रही है, वेद, उपनिषद के माध्यम से मानव जीवन को सही दिशा देने का प्रयास किया गया। ऋषि, महर्षियों का ज्ञान, देशभक्ति, त्याग और बलिदान की प्रेरणादायक




गाथाएं जो हर हृदय को स्पर्श कर रही हैं। कथा के चौथे दिन यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। जिसमें 45 दंपत्तियों ने सपत्नीक यज्ञ में भाग लेकर, वैदिक परंपरा को जीवंत कर दिया। पूरा मंदिर प्रांगण यज्ञ वेदियों से सुसज्जित रहा, हर ओर आस्था, श्रद्धा और ऊर्जा का अद्भुत संगम में नगर के प्रबुद्ध और धर्मनिष्ठ नागरिकों ने मिलकर वैदिक यज्ञ किया। आज जब विश्व में अशांति और युद्ध का वातावरण बना हुआ है, मानवता एक बड़े संकट की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। ऐसे समय में यह यज्ञ केवल एक परंपरा नहीं बल्कि विश्व शांति की एक सशक्त कामना है। हर आहुति के साथ एक संकल्प एक प्रार्थना एक आशा कि विश्व में शांति स्थापित हो। अंत में सभी श्रद्धालुओं ने वेद विदुषी डॉ. प्रियंका आचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया, और अपने जीवन में वैदिक मार्ग अपनाने का संकल्प लिया"वेद केवल ग्रंथ नहीं जीवन जीने की कला हैं और जब समाज वेदों की ओर बढ़ता है तो केवल व्यक्ति नहीं पूरी मानवता का कल्याण होता है।

# रेल्वे स्टेशन की शराब दुकान हटाने छटवें दिन धरना जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार से रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर नगर के युवाओं ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जो छटवे दिन रविवार को भी जारी रहा। यहां उल्लेखनीय है कि शराब दुकान व्यस्त क्षेत्र में स्थित है। पास ही प्राचीन श्री राम जानकी, हनुमान मंदिर है, साथ ही समीप ही रेलवे स्टेशन होने के कारण महिलाओं और नागरिकों को आवागमन में कठिनाई होती है। धरने में शामिल युवाओं ने बताया कि शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं लेकिन आज तक दुकान को नहीं हटाया गया।

## महर्षि भृगु संस्कृत विद्यालय में होने जा रहा है कार्यक्रम का आयोजन

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में बहेगा भक्ति रस, बैठक के साथ तैयारियां प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवीन कृषि उपज मंडी स्थित भृगु संस्कृत विद्यालय में खाटूश्याम बाबा, शिव परिवार एवं सालासर बालाजी की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 7 से 14 मई तक आयोजित होने जा रहा है। आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में बैठक आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न तैयारियों पर चर्चा कर समिति बनाई गईं। अगली बैठक 9 अप्रैल को नवीन कृषि उपज मंडी के समीप स्थित भृगु संस्कृत विद्यालय में रखी गई है। यज्ञ के आयोजक पंडित मुन्नालाल शास्त्री ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के साथ नवकुंडीय यज्ञ और संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नौलखी आश्रम के श्रीमहंत राम



मनोहर दास जी महाराज संगीतमय कथा का वाचन करेंगे। उन्होंने बताया कि समस्त धार्मिक आयोजन नई कृषि मंडी क्षेत्र में ही संपन्न होंगे। बैठक में आयोजन की रूपरेखा तय करते हुए यजमानों का चयन और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। जिसमें कथा के मुख्य यजमान के रूप में खुशाल सिंह रघुवंशी ने अपनी सहमति दी। नवकुंडीय यज्ञ के यजमान फूलसिंह रघुवंशी कालापाठा, सनमान सिंह रघुवंशी बरखेड़ा, ओमकार रघुवंशी रिटेहरी, रामराज रघुवंशी रतनखेड़ी एवं उमाशंकर झा रहेंगे। कथा के एक दिन के यजमान के रूप में रितुज एलिया सहित अन्य यजमानों ने भी अपनी सहमति दी। यज्ञ में सहयोग राशि पूर्व लेखापाल राजेंद्र प्रसाद शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह रघुवंशी मित्र मंडली बरखेड़ा, नवनीत सिंह राजपूत बैंक ऑफ बड़ौदा एवं प्रहलाद सिंह रघुवंशी बरखेड़ा द्वारा उपलब्ध कराने की घोषणा की। वहीं यज्ञ हेतु लकड़ी की संपूर्ण व्यवस्था हरिकृष्ण रघुवंशी फतेहपुर द्वारा निशुल्क किए जाने की घोषणा की गई। बैठक में नौलखी मंदिर के परमहंस महाराज जी की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में इसके अलावा पूर्व मंडी सचिव गणेशराम रघुवंशी, सुरेश तनवानी, रामकरण सिंह रघुवंशी कालापाठा, उदय सिंह रघुवंशी बरखेड़ा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बावड़ी पर चला सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



इन दिनों नगर सहित ग्रामीण अंचलों में जल गंगा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत रविवार को नगर के वार्ड क्रमांक 15 में जिंद बाबा की बावड़ी की साफ, सफाई का कार्य किया गया। इस दौरान उपस्थित श्रमदानियों द्वारा सीढी की सहायता से बावड़ी में उतरकर रस्सी, बाल्टियों की मदद से कीचड़ आदि को निकाला गया। श्रमदानियों द्वारा बावड़ी में सफाई अभियान कई घण्टों तक चलाया गया।

# अस्पताल में साफ पेयजल के लिए भटक रहे मरीज



**गंजबासौदा।** नगर के शासकीय राजीव गांधी अस्पताल में इन दिनों मरीजों और उनके परिजन को पीने के पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर में स्थित एकमात्र प्याऊ गंदगी की चपेट में है, जिससे शुद्ध पेयजल मिलना मुश्किल हो गया है। अस्पताल की इकलौती प्याऊ की नियमित साफ-सफाई न होने के कारण उसके चारों ओर कचरा और गंदा पानी जमा है। पानी निकलने की व्यवस्था फेल होने से वहां कीचड़ जैसी स्थिति बन गई है और पानी की टोटियों पर काई जम चुकी है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। मरीजों के साथ आए परिजनों ने बताया कि पुरुष वार्ड के पास बनी यह प्याऊ मरीजों के लिए है, लेकिन गंदगी इतनी ज्यादा है कि वहां खड़ा होना भी मुश्किल है। परिसर में दूसरी कोई व्यवस्था न होने के कारण बाजार से पानी की बोतलें खरीदनी पड़ रही हैं।

# रात्रि के समय नगर में एक बार फिर हुई हल्की बारिश बेमौसम बारिश से इलाके के किसान हो रहे परेशान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को रात्रि के समय तेज हवा के साथ कुछ देर हल्की बारिश हुई और मामूली ओलावृष्टि भी हुई। जिससे सड़कें पानी से तरबतर हो गईं एवं मौसम में ठण्डक घुल गई। बारिश शुरु होते ही नगर में बिजली प्रदाय विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बंद कर दिया गया। यहां उल्लेखनीय है कि विगत एक सप्ताह से मौसम में अचानक बदलाव देखा जा रहा है। कभी तेज तो कभी हल्की बारिश, कहीं ओलावृष्टि देखी गई। जिससे किसानों के खेतों में खड़ी पकी हुई फसलें एवं खेतों में कटी पड़ी फसलें भीग गईं। जिससे गेहूं की फसल का रंग चला गया है, अब किसानों को इस गेंहू को कृषि उपज मण्डी में विक्रय करते समय दाम कम मिलेंगे। रविवार को भी इलाके के किसान आसमान में छाए बादल और बारिश के मौसम को देखते हुए हार्वेस्टर से गेंहू की फसल कटाई में जोर शोर से लगे रहे। उधर प्रतिदिन हो रही बारिश से परेशान किसान अब मौसम साफ होने की कामना कर रहे हैं। वहीं मौसम विभाग ने आगामी 8 अप्रैल तक ऐसा ही मौसम रहने के संकेत दिए हैं।

# मानसिक स्वास्थ्य को लेकर कार्यशाला आयोजित

न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासन के निर्देशानुसार एवं शैक्षणिक कैलेंडर के अनुपालन में, सुभद्रा शर्मा शासकीय महाविद्यालय, गंजबासोदा में राष्ट्रीय कार्यबल (NTF) मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनामिका प्रजापति के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन व्यक्ता सीवली अहिरवार ने किया। छात्राओं को मानसिक तनाव के दौरान दिखने वाले चेतावनी संकेतों को पहचानने और समय पर सहायता लेने हेतु प्रशिक्षित किया गया। छात्राओं के साथ-साथ उनके अभिभावकों के लिए भी एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें भविष्य की संभावनाओं और सही करियर चयन



पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। डॉ. प्रदन्या करंदीकर ने हेल्दी हैबिट्स चैलेंज की शुरुआत की और छात्राओं को दैनिक जीवन में स्वस्थ आदतों (जैसे उचित आहार, व्यायाम और डिजिटल डिटॉक्स) को अपनाने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने के लिए शिविर लगाकर छात्राओं के (ABHA) कार्ड बनाए गए। नोडल ऑफिसर डॉ अपेक्षा बाजपेयी ने कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग देने हेतु सबका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही। यह कार्यक्रम छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ।

## मिट्टी का उत्खनन और परिवहन जारी



**गंजबासौदा।** बेतवा नदी के विभिन्न तटों एवं तटीय क्षेत्र के गांवों से बडे पैमाने पर मिट्टी का अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है। हांलाकि प्रशासन द्वारा समय समय पर मिट्टी उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई की जाती रहती है। वहीं पिछले दिनों जागरूक नागरिकों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने नदी घाटों से मिट्टी के अवैध उत्खनन को रोकने की मांग की थी। इसके बावजूद मिट्टी का उत्खनन और परिवहन जारी है।

## रिपटा घाट से श्रमदानियों ने निकाला दो ट्राली कचरा

# श्रमदान अभियान 5.0 का 26 वां चरण संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बेतवा नदी के संरक्षण और स्वच्छता के लिए निरंतर प्रयासरत श्रमदान दल के तत्वावधान में संचालित साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत 26 वाँ चरण सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रत्येक रविवार की भाँति इस सप्ताह भी श्रमदानियों ने नदी घाट और प्रवाह क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के दौरान घाट किनारों पर फैले प्लास्टिक, पॉलीथिन, कपड़े, खाद्य सामग्री, तेल शैंपू पाउच, फूल एवं फूल मालाएं व उनके अवशेष तथा अन्य अपशिष्टों को एकत्रित किया गया। श्रमदानियों ने तीन घंटों तक लगातार मेहनत कर बड़ी मात्रा में कचरा नदी से बाहर निकाला। श्रमदान दल के सदस्यों ने बताया कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे-वैसे नदी किनारे लोगों की आवाजाही भी बढ़ने लगी है। लोग ठंडक और मनोरंजन के लिए घाटों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही लापरवाही पूर्वक कचरा छोड़कर चले जाने की प्रवृत्ति भी सामने आ रही है। परिणाम स्वरूप, हर सप्ताह निकलने वाले कचरे की मात्रा में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है, जो चिंता का विषय है। यह स्थिति न केवल नदी की स्वच्छता को प्रभावित करती है, बल्कि पर्यावरण और जलीय जीवन के लिए भी हानिकारक साबित हो रही है। इस स्वच्छता अभियान में नीरज साहू, दिनेश चौरसिया, राकेश रघुवंशी, दीपेश शर्मा, नितिन अग्रवाल, आकाश जैन सहित अन्य श्रमदानियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। विशेष रूप से बाल श्रमदानी अभिनव शर्मा एवं अरनब रघुवंशी की उपस्थिति और योगदान प्रेरणादायक रहा, जो यह दर्शाता है कि नई पीढ़ी भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग हो रही है। श्रमदान दल ने नागरिकों से अपील की है कि वे नदी किनारे स्वच्छता बनाए रखें और किसी भी प्रकार का कचरा घाटों या नदी में न फेंकें। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे, तो नदी को स्वच्छ और सुरक्षित रखना संभव है। दल का मानना है कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि आदत बननी चाहिए। जब तक समाज स्वयं जागरूक नहीं होगा, तब तक ऐसे प्रयासों के बावजूद स्थायी समाधान संभव नहीं हो पाएगा।

# शिक्षक संगठन का हल्ला बोल 8 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को शाम के समय शिक्षक पात्रता परीक्षाओं के आयोजन के विरोध को लेकर शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा की तैयारी के लिए बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में रघुवंशी ने चरणबद्ध आंदोलन के बारे मे विस्तार से बताया एवं सभी संवर्ग के शिक्षकों से इस आंदोलन में आगे आकर सफल बनाने की बात कही। महिला प्रकोष्ठ की अनीता ठाकुर ने इस पात्रता परीक्षाओं को शिक्षक गरिमा के विरुद्ध बताते हुऐ इसको तत्काल वापिस लेने की बात कही। प्रमिला रघुवंशी ने अधिक से अधिक महिलाओ को आंदोलन मे भाग लेने आगे आने का आह्वान किया। माधवी भाटिया ने केंद्र सरकार, राज्य सरकार से शिक्षक विरोधी इस परीक्षा के सभी आदेश वापस लेने का मांग रखी। रश्मि झा ने इस परीक्षा को भारतीय धर्म संस्कृति के विरुद्ध बताते हुऐ गुरू की महिमा का अपमान बताया।



मध्यप्रदेश के वरिष्ठ कर्मचारी नेता सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बैठक का संचालन करते हुऐ आठ अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या मे जिला स्तरीय आंदोलन को सफल बनाने शाम चार बजे नीमताल पहुंचने का आह्वान किया। सुनील रघुवंशी ने कहा जब तक हमारी सभी मांगे सरकार द्वारा नही मान ली जातीं, यह आंदोलन जारी रहेगा। इसलिए जिला स्तर, विकास खंड स्तरीय एवं राज्य स्तरीय हर आदोलन को सफल बनाऐ। इस अवसर पर आशा कोरी, पूनम भाटिया , वंदना रघुवंशी , रामराज दांगी, संजीव रघुवंशी, विनोद श्रीवास्तव, कांशीराम मालवीय, शमशीर अली नकवी, दीपक नामदेव, मनोज नामदेव, भगवान दास पंथी, रामबाबू, अजय शर्मा, नंदकिशोर प्रजापति, कप्तान सिंह, अरूण कुमार, गणेश राम कोरी, वेद प्रकाश खरे सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।

## कार की टक्कर से वृद्ध घायल, अस्पताल में भर्ती




**गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम अंबानगर के चौराहे पर एक वृद्ध को अज्ञात कार चालक टक्कर मारकर भाग निकला। जिससे वृद्ध घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छपरा ईसागढ निवासी करीब 80 वर्षीय वृद्ध अंबानगर चौराहे पर खडे थे, तभी एक अज्ञात कार चालक ने अपनी कार को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए वृद्ध को टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक तो कार लेकर भाग निकला, जबकि घायल वृद्ध को उनके साथियों और ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां वृद्ध का उपचार किया जा रहा है। देहात थाना पुलिस ने इस मामले में अस्पताल की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पूरे गांव ने मिलकर रचा आस्था, एकता और उत्सव का अद्भुत दृश्य

# ऐतिहासिकः आस्था, एकता और उत्सव का अद्भुत दृश्य ग्रामीणों ने मिलकर रचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ग्राम जैतपुर स्थित श्री 1008 आदिनाथ दि. जैन मंदिर में 21 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित भव्य वार्षिक विमान महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि पूरे गाँव के लिए एक ऐतिहासिक और अविस्मरणीय क्षण बन गया। सुबह से ही पूरे गाँव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा और हर ओर भक्ति एवं श्रद्धा की धारा प्रवाहित होती रही। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत अभिषेक, शांतिधारा, नित्यनियम पूजन एवं शांतिनाथ विधान से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे समर्पण भाव से भाग लिया। इसके पश्चात आयोजित मुनि श्री के मंगल प्रवचन ने सभी को धर्म, संयम, सेवा और संस्कारों का संदेश दिया। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने उपस्थित जनसमूह के मन में नई ऊर्जा और आत्मिक शांति का संचार किया।



### निकला भव्य विमानोत्सवचल समारोह

तो वही दोपहर में निकला भव्य विमानोत्सव चल समारोह पूरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। सुसज्जित विमान जी जब पूरे गाँव में भ्रमण करते हुए निकले, तब हर गली, हर मोहल्ला श्रद्धा से झूम उठा। पूरे गाँव को रंग-बिरंगी सजावट, ध्वज, तोरण, रोशनी और विशेष रूप से सुंदर रंगोलियों से सजाया गया था। घर-घर के आँगन और गलियों में बनाई गई आकर्षक रंगोलियों ने पूरे जेतपुर को एक भव्य उत्सव स्थल में परिवर्तित कर दिया। इस आयोजन में गाँव के युवाओं

### परंपराओं और संस्कारो को आगे बढाने युवा पीढी सक्रिय

इस अवसर पर युवाओं द्वारा दिया गया यह संदेश साफ था कि परंपराओं और संस्कारों को आगे बढ़ाने में नई पीढ़ी भी पूरी तरह जागरूक और सक्रिय है। विशेष बात यह रही कि इस आयोजन में केवल जैन समाज ही नहीं, बल्कि अन्य समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। जगह-जगह पर लोगों ने विमान जी की आरती उतारी, पुष्पवर्षा की और पूज्य महाराज जी के चरण पखारकर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह दृश्य सामाजिक एकता, भाईचारे और पारस्परिक सम्मान का अद्भुत उदाहरण बन गया। चल समारोह के दौरान गूंजते जयकारे, भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं का उत्साह पूरे वातावरण को धर्ममय बना रहा था। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा गाँव एक परिवार बनकर इस पावन अवसर का आनंद ले रहा हो।

### भक्ताम्बर पाठ ने वातावरण को किया भक्तिमय

*दोपहर बाद आयोजित अभिषेक,शांतिधारा, फूलमाला एवं ज्ञानमाला कार्यक्रमों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। वहीं शाम को आयोजित वात्सल्य भोज में हजारों लोगों ने एक साथ प्रसादी ग्रहण की, जिससे सामाजिक समरसता और प्रेम का सुंदर संदेश प्रसारित हुआ। सायंकालीन कार्यक्रम में महाआरती एवं संगीतमय भक्ताम्बर पाठ ने वातावरण को और भी अधिक भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु देर शाम तक भक्ति में लीन होकर इस दिव्य आयोजन का आनंद लेते रहे। पूज्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर जी महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुए इस आयोजन ने सभी के हृदय में धर्म के प्रति गहरी आस्था और जुड़ाव को और मजबूत किया। आयोजन समिति द्वारा की गई व्यवस्थाएं अत्यंत सराहनीय रहीं, जिससे दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। 21 वर्षों बाद आयोजित यह विमान महोत्सव न केवल एक धार्मिक आयोजन रहा, बल्कि पूरे गाँव की एकता, संस्कृति, सहयोग और भाईचारे का जीवंत उदाहरण बन गया। रंगोलियों से सजे घर-आँगन, युवाओं का उत्साह, समाजों की सहभागिता और भक्ति से भरा वातावरण,इन सबने मिलकर यह संदेश दिया कि जब पूरा गाँव एकजुट होता है, तो हर आयोजन एक महोत्सव बन जाता है।*

# चार माह से फरार हत्या के प्रयास के 03 इनामी आरोपी गिरफ्तार, हथियार जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मुगलसराय पुलिस द्वारा गंभीर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के प्रकरण में 04 माह से फरार चल रहे 03 इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार (कुल्हाड़ी) भी जप्त किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुश्री सोनू डाबर के मार्गदर्शन में थाना मुगलसराय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस महत्वपूर्ण सफलता को प्राप्त किया। मिली जानकारी अनुसार 22 नवम्बर 2025 को थाना मुगलसराय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रूसल्ला अभयराज में एक गंभीर मारपीट की घटना की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई प्रारंभ की गई।

मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 179/25 धारा 296(इ), 115(2), 118(1), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मजरूब



तुलसीदास त्यागी की चिकित्सीय रिपोर्ट में गंभीर चोट पाई जाने पर प्रकरण में धारा 109(1) बीएनएस का इजाफा किया गया। वही पुलिस टीम द्वारा तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर लगातार प्रयास करते हुए 5 अप्रैल को 03 फरार एवं एक-एक हजार के इनामी आरोपियों देवेन्द्र त्यागी,संतोष त्यागी,राधारमण त्यागी को गिरफ्तार कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।

### ऑपरेशन मुस्कान : अपहृत नाबालिग बालिका गुना से सकुशल दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार



सिरोंज। अपहृत बालक/बालिकाओं की शीघ्र एवं सुरक्षित दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में विशेष अभियान ह्लऑपरेशन मुस्कानह्न संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना मुगलसराय पुलिस द्वारा थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। वही 13 मार्च को थाना मुगलसराय में फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उक्त सूचना पर अपराध क्रमांक 38/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में गठित पुलिस टीम द्वारा भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर सतत तलाश-पतारसी की गई। निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप 3 अप्रैल को नाबालिग बालिका को जिला गुना से सकुशल दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। बालिका के कथन कराए जाकर उसे सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 87, 64(2)(एम) बीएनएस एवं 5एल/6 का इजाफा कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। इसमें थाना प्रभारी मुगलसराय उपनिरीक्षक के.के. पवार, थाना प्रभारी पथरिया उनि ऋतुराज, थाना प्रभारी मुरवास उनि लक्ष्मण डाबर, आरक्षक सुखजिंदर सिंह, आरक्षक आकाश राणा, आरक्षक राहुल पटेल, आरक्षक अंकुश जाट, आरक्षक सोनू राजपूत, आरक्षक प्रदीप गोरख, आरक्षक रवि जाट,महिला आरक्षक बाल कुमारी, महिला आरक्षक आयुषी मीना, सायबर सेल के प्रधान आरक्षक रोहित रैकवार, आरक्षक रूपेश मेहता एवं आरक्षक अरविंद यादव की विशेष सराहनीय भूमिका रही।

## सिरोंज में स्व सहायता समूहों की पहल नरवाई प्रबंधन को मिल रही गति

**सिरोंज।** जनपद पंचायत में स्व सहायता समूहों द्वारा नरवाई प्रबंधन को लेकर प्रभावी कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित समूह किसानों को फसल अवशेष न जलाने के लिए जागरूक कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार सिरोंज क्षेत्र में गंगा बाई सरस्वती स्व सहायता समूह करईखेड़ा सक्रिय रूप से इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। ये समूह ग्राम गरेठा एवं भौरा क्षेत्र में किसानों के साथ मिलकर नरवाई प्रबंधन के कार्य कर रहे हैं। समूह की महिलाओं द्वारा स्ट्रॉ रीपर एवं रोटावेटर जैसी मशीनों के माध्यम से खेतों में नरवाई का प्रबंधन किया जा रहा है। वही आंकड़ों के अनुसार इन समूहों के पास 48 एचपी तक के ट्रैक्टर और स्ट्रॉ प्रबंधन से जुड़ी मशीनें उपलब्ध हैं। जिससे बिना नरवाई जलाए खेत की नरवाई से भूसा तैयार किया जा रहा है। वही महिलाओं ने बताया कि इस पहल से जहां पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है, वहीं किसानों की लागत भी कम हो रही है और मिट्टी की उर्वरता शक्ति बनी हुई है।

### नाबालिग चालक के परिजन द्वारा भ्रामक वीडियो फैलाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास

# 'जिस वाहन स्कूटी की बात की जा रही है, वह लो-स्पीड इलेक्ट्रिक श्रेणी की है'

**सिरोंज।** नगर के बासौदा नाका पर हुए सड़क दुर्घटना मामले को लेकर पुलिस द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया गया कि 09.मार्च को थाना सिरोंज क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक वीडियो को लेकर पुलिस द्वारा तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी नगर के कटरा मोहल्ला निवासी 70 वर्षीय लालसिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वे बकरियां लेकर बासौदा रोड बायपास पर जा रहे थे, तभी एक स्कूटी चालक द्वारा लापरवाही एवं तेज गति से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इस संबंध में थाना सिरोंज में अपराध क्रमांक 103/2026 धारा 281, 125(ए) बीएनएस एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि घटना के समय डायल-112 वाहन मौके से गुजर रही थी, जिसके ड्यूटी स्टाफ द्वारा स्कूटी चालक एवं वाहन का विवरण दर्ज किया गया था। विवेचना के आधार



### प्रकरण को सकारात्मक एवं निष्पक्ष दिशा में लाया जाए

*वही दूसरी ओर बच्चे के चाचा शिक्षक रामसेवक रघुवंशी ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि सिरोंज क्षेत्र में एक नाबालिग बच्चे से जुड़ा एक प्रकरण सामने आया है, जिसमें कई ऐसे तथ्य हैं जो स्पष्ट नहीं हैं और जिन पर निष्पक्ष रूप से प्रकाश डालना आवश्यक है। दुर्भाग्यवश इस मामले को जिस प्रकार प्रस्तुत किया जा रहा है, उसमें कई बातें वास्तविकता से अलग प्रतीत होती हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस बच्चे को आरोपी बताया जा रहा है, उसने मौके से भागने के बजाय स्वयं आगे आकर मदद की, अपनी पहचान दी और सहयोग किया। इसके बावजूद उसे ह्लफरारह्न बताया जाना समझ से परे है। इसी प्रकार, जिस वाहन स्कूटी की बात की जा रही है, वह लो-स्पीड इलेक्ट्रिक श्रेणी में आती है, जो सामान्यतः तेज गति या खतरनाक ड्राइविंग की श्रेणी में नहीं आती। फिर भी इसे एक गंभीर अपराध की तरह प्रस्तुत किया जा रहा है।*

### प्रदेश महिला कांग्रेस में नियुक्तियों पर जिला कांग्रेस कमेटी ने बधाई दी

**सागर।** मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रीना बोरासी ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया है। जिसमें सागर जिले से सीमा कमल चौधरी को सचिव पद पर नियुक्त किया है। साथ ही जिले से रेखा सोनी एवं विमला अहिरवार बीना को सयुंक्त सचिव बनाया गया है। नियुक्तियों पर कांग्रेस जनों ने बधाई दी है। नव नियुक्त सचिव सीमा कमल चौधरी पार्षद ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी एवं जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी एवं कांग्रेस नेता आर आर पाराशर का प्रकट किया है। नवनियुक्त पदाधिकारी को प्रदेश महासचिव रेखा चौधरी, जगदीश यादव, संगठन प्रभारी महासचिव आशीष ज्योतिषी, अभिषेक गौर, दीपक दुबे जतिन चौकसे देवेंद्र कुर्मी प्रदीप पप्पू गुप्ता विजय साहू सिंटू कटारे धन सिंह अहिरवार गुड्डू रैकवार

### लघु वेतन कर्मचारी संघ के नेताओं और कर्मचारियों की समस्याओं पर होगी चर्चा

# लघु वेतन कर्मचारी संघ का 7 अप्रैल को जिला सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ का जिला सम्मेलन 7 अप्रैल मंगलवार को पोस्ट मैट्रिक पुराने छात्रावास भवन में आयोजित किया गया है। बैठक में जिला, तहसील और प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में नेताओं द्वारा लघु वेतन कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा और समाधान के प्रयासों पर निर्णय लिया जा सकता है।

लघु वेतन कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष गिरधारी लाल शिल्पी ने पत्र विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्रान्तीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री अजय चौवे, प्रदेश सचिव कमलेश पटेल के साथ प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों का

### बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं पर करेंगे विस्तृत

मार्ग दर्शन प्राप्त होगा। बैठक में तहसील अध्यक्षों, तहसील अध्यक्षों के साथ कार्यकारणी की सूची जारी की जाएगी। बैठक, जिला सम्मेलन का कोषाध्यक्ष महेश कुमार ठाकुर को प्रभारी बनाया गया है।

कार्यक्रम में बाड़ी, उदयपुरा, देवरी, सिलवानी एवं जिले की सभी तहसीलों के अध्यक्ष लघु वेतन कर्मचारियों को अवगत करा सकते है। जिले के लघु वेतन कार्मचारियों से 7 अप्रैल को बरेली आने की अपील गिरधारी लाल शिल्पी बरेली तहसील अध्यक्ष ने ही है।

# बारना बांध की नहरों में पानी बंद होने से सूखने लगे क्षेत्र के नदी और नाले

### गर्मी में मावेशियों के समक्ष पीने के पानी की समस्या उत्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

बारना की नहरों में पानी बंद होने के साथ क्षेत्र के नदी नालों का पानी सूखने और धार टूटने की स्थिति बन रही है। नदी नालों में जलाभाव का सबसे अधिक असर पशुओं पर पड़ रहा है। नदी नालों में पानी न होने से मवेशी भटक रहे हैं। पशुओं को पानी के लिए गर्मी के प्रकोप में नहरों में पानी छोड़ने की मांग की जा रही है।

नगर में तो परिवारों एवं संस्थाओं द्वारा गर्मी में पशुओं को पानी के लिए स्थान-स्थान पर सीमेंट के होद रखे जा रहे है। परन्तु ग्रामीण क्षेत्र में पशुओं को पानी नसीब होना कठिन हो रहा है। गांवों के गंदे बदबूदार पानी को पीकर पशु बीमारियों से ग्रसित हो रहे है।

क्षेत्र में बारना, तैदौनी, इक्यावन घोघरा प्रमुख नदियां है। इसी के साथ दर्जनों छोटे-बड़े बरसांती नाले भी है।



ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 100 छोटे-बड़े तालाब भी है। पिछले वर्ष खेत तालाब योजना, जल गंगा सर्वधन अभियान के अनर्तगत सेंकड़ों छोटे-बड़े तालाबों का निर्माण ग्राम द्वारा बाड़ी जनपद क्षेत्र के ग्रामों में कराया गया। व्यापक स्तर पर मिली भगत से अनिमित्ताएँ होने से निर्माण किए गए तालाबों में पानी के दर्शन दुर्लभ बने हुए है। बारना बांध की नहरों में जब तक पानी चलता है। तब तक नदी नालों में भरपूर पानी बना रहता है। गैसे ही नहरों में पानी बंद हुआ नदियों की धार टूटने और नालों का पानी सूख जाने की प्रतिवर्ष स्थिति बनती है।

# पवन दुबे बने भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी, दी बधाईयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

भाजपा प्रदेश संगठानात्मक विस्तार के तहत नगर के युवा भाजपा नेता पवन दुबे को भाजपा का प्रदेश सह मीडिया प्रभारी बनाये जाने से भाजपा के कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में भारी हर्ष बना हुआ है। पवन दुवे को बधाई-शुभकामनाएं देने का सिलसिला बना हुआ है।



सहज सरल और मृदुभाषी स्वभाव के पवन दुवे का वाल्यकाल, शिक्षा नगर में हुई। बरेली के साथ भोपाल में निवास कर भाजपा की राजनीति में सक्रिय बने हुए है। पवन दुवे भाजपा की नीतियों, कार्यक्रमों और विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अहम सक्रिय भूमिका निभाएगें।

श्री दुबे ने नियुक्ति पर सीएम डॉ. मोहन यादव, प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा मुझे सौंपा दायित्व को पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

### नगर में नहीं एक भी वाहन स्टैंड, सड़कों पर वाहनों की भरमार

# भारी वाहनों का बेरोक टोक प्रवेश, लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

पिछले 2-3 दशकों में गर का तेजी से विकास हुआ। नर्मदा क्षेत्र में बरेली प्रमुख व्यापारिक और प्रशासनिक केंद्र है। दिनों-दिन नगर और क्षेत्र में वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। लम्बे समय से नगर के प्रमुख भीड़भाड़ वाले व्यापारिक क्षेत्र में वाहन स्टेन्ड और ट्रांसपोर्ट के लिए स्थान निर्धारित किए जाने की मांग बनी हुई है। नगर के बाजारों, प्रमुख सडक़ों पर सुबह से रात तक वाहन खड़े रहने और मालवाहक भारी वाहनों का बेरोक टोक प्रदेश बना रहने से हमेशा जाम लगने और पैदल चलना बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों को जोखिम भरा बना रहता है।



नगर के बीचों बीच पुरानी एनएच 12 मुख्य सड़क पर लगभग 3-4 किमी दर्जनों बैंक, छोटे- बड़े सेंकड़ों दुकानें प्रतिष्ठान है। इसी मार्ग से नगर प्रवेश के सभी मार्ग जुड़े हुए है। सरकारी कार्यालय कृषि मंडी, प्रायवेट और सरकारी स्कूल भी इसी मुख्य मार्ग पर होने से दिन भर दो पहिया, चार पहिया वाहनों एवं ट्रेक्टर-ट्रालियों की भाग दौड़ बनी रहती है। दुकानों के सामने अतिक्रमण टीन शेट, चबूतरे, हाथ ठेले और पैदल फुटपाथ पर दुकाने लगी रहती है। इसी मार्ग पर बस स्टेण्ड, दीन दयाल परिसर, पुराना बस स्टेण्ड एवं प्रमुख व्यवसाथक केन्द्र के साथ जेल, पिपरिया मार्ग, किनगी रोड, नाहर गार्डन रोड, कन्या शाला रोड, पुरानी बस्ती में पहुंचने के साथ हृदय स्थल मुख्य बड़ा बाजार, छोटा बाजार, सराफा बाजार और सब्जी मंडी भी है।

### एक भी वाहन केंद्र नहीं

नगर और ग्रामीण क्षेत्र से आए दो पहिया, चार पहिया वाहनों, ट्रेक्टर-ट्रालियों एवं विभिन्न सामग्री से भरे ट्रकों की मुख्य सडक़ों पर बेरोक टोक आवाजाही और सामग्री उतारने सडक़ों पर खड़े रहने से जाम की स्थिति बनती है। हजारों की संख्या में दो पहिया वाहनों की सडक़ों पर भगादौड़ और सडक़ों के किनारों पर वाहन खड़े रहने से यातायात अस्त-व्यस्त जोखिम भरा बना रहता है। सब्जी मंडी, मुख्य बड़ा बाजार, कर्विस्तान चौराहा, दीन दयाल परिसर, पिपरिया मार्ग चौराहा, बस स्टेण्ड, पिपरिया नाके जैसे भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर दो और चार पहिया वाहन स्टैंड बनाये जाने की मांग व्यापारियों लंबे समय से की जा रही है।

# मूंग की खेती के लिए जुताई से पहले नरवाई-टंडलों में लगाई जा रही आग

### नर्मदा क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन मूंग की व्यापक खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

क्षेत्र में गेहूं की कटाई का कार्य अंतिम दौर में चल रहा है, जिन किसानों का गेहूं, चना फसल कट चुकी उन किसानों द्वारा खेतों की जुताई कर ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती के लिए खेतों को तैयार किया जा रहा है। मूंग की बोवनी के लिए किसानों द्वारा अच्छी किस्म और अधिक पैदावार वाली मूंग वीज की मांग की जा रही है। इसी के साथ खाद की मांग भी बढने लगी है।

### प्रतिबंध फिर भी नरवाई में लगाई जा रही आग

हार्वेस्टर से गेहूं की कटाई के बाद नरवाई बची रहती है। गहरी जुताई कर नरवाई को खेत की मिट्टी में मिलाया जा सकता है, इसी के साथ पशुपालकों किसानों द्वारा नरवाई से पशुओं के लिए व्यापक



स्तर पर भूसा बनाने का कार्य किया जाता है। मूंग की बोवनी के लिए किसान नरवाई में आग लगाकर खेतों को साफ कर स्थिति अनुसार मूंग की बिना देरी बोवनी किए जाने में नरवाई में आग लगाने की प्रथा बनी हुई है। नरवाई में आग लगने से खेतों की उर्वरक शक्ति कमजोर होती है। नरवाई में आग लगाने के प्रबंध के बाद भी चोरी छुपे खेतों की नरवाई में लगी आग का काला धुआं दिन में दिखाई देता है।

### मूंग की व्यापक खेती -

क्षेत्र के अधिकांश ग्रामों में किसानों द्वारा पिछले अनेक वर्षों से ग्रीष्मकालीन मूंग की व्यापक स्तर पर खेती की जा रही है। क्षेत्र के किसानों द्वारा मात्र 2 माह में पक कर तैयार हो जाने वाली मूंग का लाखों कुंटल उत्पादन कर अधिकांश मूंग समर्थन मूल्य पर बेची जाती है।

### नरापुरा वार्ड-1 और तिपटटा बाजार वार्ड-5 में जर्जर खंभे बने हादसे की वजह

# घरों-फ्लैटों के ऊपर से गुजरी लाइनें, रहवासी दहशत में, जिम्मेदारों पर लापरवाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मप्र बिजली वितरण कंपनी शहर के कई रिहायशी इलाकों में बिजली व्यवस्था अब सुविधा से ज्यादा खतरे का कारण बनती जा रही है। नरापुरा वार्ड क्रमांक-1 और तिपटटा बाजार वार्ड क्रमांक-5 में खुले पड़े ट्रांसफार्मरों के तार, घरों, कॉलोनियों और फ्लैट मकानों के ऊपर से झूलती बिजली लाइनें तथा जर्जर और आड़े-तिरछे खड़े बिजली खंभे लोगों की जान पर भारी पड़ रहे हैं। कमोवेश यही हालात ग्रामीण बिजली क्षेत्र के बने हुए हैं।

रहवासियों का कहना है कि बिजली सुरक्षा के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार कई जगहों पर ट्रांसफार्मरों के आसपास न तो पर्याप्त सुरक्षा घेरा है और न ही तारों को व्यवस्थित किया है। कुछ इलाकों में बिजली के तार इतने नीचे झूल रहे हैं कि मकानों की छतों और बालकनियों के बेहद करीब आ गए हैं। बरसात, तेज हवा या हल्की सी तकनीकी गड़बड़ी की स्थिति में बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों के लिए यह स्थिति और भी ज्यादा खतरनाक मानी जा रही है।





### खास बातें...

- खुले ट्रांसफार्मरों के तार बढ़ा रहे खतरा, शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं।
- शहर के नरापुरा वार्ड-1 और तिपट्टा बाजार वार्ड-5 में ज्यादा समस्या
- जर्जर और टेढ़े बिजली के खंभों से रहवासियों में बना रहता है हादसे का डर

#### सुधार कार्य नहीं किया तो कभी भी हो सकता हादसा

रहवासियों का आरोप है कि बिजली विभाग समय रहते निरीक्षण और रखरखाव नहीं कर रहा। पुराने खंभों को बदले बिना और तारों को ऊंचाई व मानक दूरी पर व्यवस्थित किए बिना नई लाइनें जोड़ दी गईं। जिससे खतरा और बढ़ गया है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार कार्य नहीं कराया गया तो कभी भी करंट फैलने, तार टूटने या खंभा गिरने जैसी गंभीर घटना हो सकती है।

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि खुले ट्रांसफार्मरों को तुरंत सुरक्षित घेराबंदी में लिया जाए। झूलते तारों को मानक ऊंचाई पर शिफ्ट किया जाए, जर्जर और टेढ़े खंभों को बदला जाए तथा पूरे क्षेत्र का तकनीकी सर्वे कराया जाए।

नरापुरा वार्ड-1 के रहवासियों ने बताया कि मोहल्ले में कई बिजली खंभे वर्षों पुराने और जर्जर हो चुके हैं। कुछ खंभे टेढ़े होकर एक ओर झुक गए हैं, जबकि कुछ पर तारों का दबाव इतना अधिक है कि वे कभी भी गिर सकते हैं। तिपट्टा बाजार वार्ड-5 में भी यही हाल है, जहां बाजार क्षेत्र और रिहायशी मकानों के बीच से गुजरती लाइनें सुरक्षा मानकों पर खरी नहीं उतर रहीं।

#### खुले ट्रांसफार्मर और झूलते बिजली तारों से बढ़ा खतरा

शहर के कई रिहायशी इलाकों में बिजली व्यवस्था अब सुविधा से ज्यादा खतरे का कारण बनती जा रही है। नरापुरा वार्ड क्रमांक-1 और तिपट्टा बाजार वार्ड क्रमांक-5 में खुले पड़े ट्रांसफार्मरों के तार, घरों, कॉलोनियों और फ्लैट मकानों के ऊपर से झूलती बिजली लाइनें तथा जर्जर और आड़े-तिरछे खड़े बिजली खंभे लोगों की जान पर भारी पड़ रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि बिजली सुरक्षा के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठा है।

शहरवासियों का कहना है कि हादसा होने के बाद कार्रवाई करने से बेहतर है कि जिम्मेदार विभाग समय रहते जागे और लोगों की जान की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

#### इनका कहना है

समय समय पर लाइट मेंटेनेंस कार्य कराया जाता है। बिजली के झूलते तार व ट्रांसफार्मरों को टीम भिजवाकर दुरुस्त करवा दिया जाएगा।

- **प्रांजल शर्मा**, सिटी जेई रायसेन।

### शहर में जलापूर्ति भी रही बाधित

## 3 घंटे बिजली कटौती, मेंटेनेंस से आधा शहर हुआ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला मुख्यालय पर रविवार को भी कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। मप्र मध्य क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी द्वारा अति आवश्यक मेंटेनेंस और ट्री कटिंग कार्य के चलते सुबह 8 बजे से 11 बजे तक शहर के कई हिस्सों में बिजली सप्लाई बंद रखी गई। इसके कारण ताजपुर, दरगाह, जेल और गोपालपुर फीडर से जुड़े क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



बिजली विभाग के अनुसार लाइन सुधार, झूलते तारों की मरम्मत और पेड़ों की कटिंग जैसे जरूरी कार्यों के चलते यह शटडाउन लिया गया। इन फीडरों के बंद रहने से शहर का लगभग आधा हिस्सा प्रभावित रहा। सुबह के समय बिजली नहीं रहने से घरों में पेयजल भरने, मोटर चलाने, कूलर-पंखे बंद रहने और दैनिक कामकाज में लोगों को दिक्कतें हुईं।बिजली कटौती का असर नगर की जल आपूर्ति व्यवस्था पर भी पड़ा। कई मोहल्लों में पानी सप्लाई प्रभावित होने की खबर है। क्योंकि पंपिंग स्टेशन भी बिजली पर निर्भर हैं। ऐसे में लोगों को समय पर पानी नहीं मिलने से अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ सकती है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गर्मी के मौसम में बार-बार बिजली बंद होने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लोगों ने मांग की है कि विभाग ऐसे कार्यों की पूर्व सूचना अधिक प्रभावी तरीके से दे।ताकि नागरिक पहले से जरूरी इंतजाम कर सकें ।बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि कार्य पूरा होते ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## गीदगढ़ में सात एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले दीवानगंज क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। रविवार को गीदगढ़ गांव में भीषण आग लगने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गीदगढ़ निवासी शैतान सिंह धाकड़ की लगभग 6 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल हार्वेस्टर से निकली चिंगारी के कारण आग की चपेट में आ गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी फसल जलकर राख हो गई। वहीं पर्वत सिंह धाकड़ की करीब 1 एकड़ गेहूं की फसल भी आग की भेंट चढ़ गई। आग इतनी तेजी से फैली कि किसानों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना के बाद ग्रामीणों ने तुरंत मोर्चा संभाला और कल्टीवेटर से खेत के चारों ओर जुताई कर आग को फैलने से रोका। साथ ही ग्रामीणों ने पानी डालकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।



फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई थी, लेकिन उसके पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग बुझा दी। ग्रामीणों का आरोप है कि फायर ब्रिगेड को पहुंचने में करीब एक घंटे का समय लग जाता है, जिससे तब तक भारी नुकसान हो चुका होता है।

### खबर संक्षेप

#### गीदगढ़ के पास रेलवे ट्रैक पर व्यक्ति का शव मिला

**दीवानगंज।** क्षेत्र के गीदगढ़ गांव के पास रेलवे ट्रैक पर रविवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही दीवानगंज पुलिस चौकी प्रभारी सुनील शर्मा सहित पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की। पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को सिविल अस्पताल सांची भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार मृत व्यक्ति के पास से कोई भी ऐसा दस्तावेज या वस्तु नहीं मिली है, जिससे उसकी पहचान हो सके। फिलहाल दीवानगंज पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

#### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसो. की मासिक बैठक हुई संपन्न

**सिलवानी।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की तहसील शाखा सिलवानी की मासिक बैठक रविवार को सफलता पूर्वक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रजा सेवक जैन ने की, जिसमें बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य उपस्थित रहे। यह नियमित मासिक बैठक संगठन के वरिष्ठ सदस्य डीएस रघुवंशी के निवास पर आयोजित की गई। बैठक के दौरान संगठन के आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जिस पर सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया। बैठक में इब्राहीम खान, आर एस श्रीवास्तव, रमेश कुमार यादव, फूलचंद यादव, उदयभानु तिवारी, रामकिशन रैकवार, शिवकुमार रघुवंशी, निरपत सिंह रघुवंशी, शफीक अहमद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## मंडी बोर्ड के अधिकारियों, इंजीनियरों के साथ विधायक ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जिले की सबसे बड़ी ए क्लॉस वर्तमान आष्टा कृषि उपज मंडी को आगामी खरीफ के सीजन तक 100 एकड़ के क्षेत्रफल में विकसित हो रही नवीन सर्वसुविधायुक्त मंडी में स्थानान्तरित करने के लक्ष्य को सामने रखते हुए आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर सक्रिय हो गये हैं। आष्टा से लेकर भोपाल मंडी बोर्ड तक के सभी जिम्मेदार अधिकारियों से विधायक लगातार संपर्क बनाये हुए हैं। इस मामले को लेकर वे जल्द ही कृषि मंत्री कंसाना जी से भी मिलने वाले हैं।।

इसके पूर्व विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भोपाल निवास पर आष्टा की नवीन कृषि उपज मंडी में चल रहे कार्यो, अन्य प्रस्तावित कार्यो की स्तिथि,मंडी में बिजली कार्य,रोड निर्माण,शेड निर्माण,शॉप कम गोदाम, मंडी में सुरक्षा एवं स्वास्थ व्यवस्था,नवीन मंडी में पहुच मार्ग, निर्गम मार्ग, कृषक विश्राम कक्ष आदि को लेकर मंडी बोर्ड भोपाल के ईई, एई, एसडीओ, सब- इंजीनियर के साथ एक बड़ी समीक्षा बैठक कर विस्तार से बिंदुवार कार्यो की समीक्षा की। विधायक ने इंजीनियर से जानकारी ली कि कौन कौन से कार्य चल रहे है,कब तक वे पूर्ण होंगे,नवीन मंडी में कौन कौन से कार्य प्रस्तावित है,वे कब तक शुरू होंगे आदि की बिंदुबार जानकारी ली और निर्देशित किया। विधायक गोपालसिंह ने बैठक में उपस्तिथ मंडी बोर्ड के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश ओर संदेश दिया कि उनका लक्ष्य है कि आगामी खरीफ के सीजन में पुरानी मंडी को नवीन मंडी में ले जाना चाहते है और इस हिसाब से मंडी में जो कार्य चल रहे है,जो कार्य शुरू होने वाले है उनको जल्द किया जाये । मंडी के व्यापारियों को शॉप कम गोदाम निर्माण हेतु प्लाटों को दिये जाने की कार्य योजना जल्द बनाई जाये। प्लाटों के रेट निर्धारण की क्या पालिसी मंडी बोर्ड की है,उससे अवगत कराये एवं प्लाटो के जो रेट निर्धारण किये जायें वो कम से कम हो ताकि व्यापारियों को कोई परेशानी ना हो । विधायक ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिये है की वर्तमान में चल रहे कार्यो में तेजी लाये,कार्यो को तय समय सीमा में पूर्ण करे,नवीन मंडी में सुरक्षा और स्वास्थ की व्यवस्था भी सुनिश्चित हो। वर्तमान में लाइसेंसधारी व्यापारियों की बढ़ती संख्या के हिसाब से छोटा है।

### पूनम सविता को अजाक थाना प्रभारी बनाया

## सिलवानी थाने में हुआ फेरबदल संजीत परते बने नए थाना प्रभारी

**विभिन्न विवादों के कारण चर्चा में रहीं सिलवानी की पूर्व थाना प्रभारी पूनम सवीता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

एसपी द्वारा प्रशासनिक दृष्टि से किए हालिया फेरबदल का असर सिलवानी थाना पर भी पड़ा है। यहां पदस्थ थाना प्रभारी पूनम सविता का स्थानांतरण कर उन्हें अजाक थाना प्रभारी बनाया है, जबकि रक्षित केंद्र रायसेन में पदस्थ संजीत परते को सिलवानी थाने की जिम्मेदारी सौंपी है।



संजीत परते ने थाना सिलवानी में अपनी आमद दर्ज कर कार्यभार संभाल लिया है। ज्ञात हो कि पूर्व थाना प्रभारी पूनम सविता पिछले कुछ महीनों से विभिन्न विवादों के कारण चर्चा में रहीं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ थाना तिराहे पर धरना प्रदर्शन किया था। इसके अलावा यादव समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रुपेश यादव ने भी समाजजनों के साथ मिलकर उनके स्थानांतरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। विवादों का सिलसिला यहीं तक सीमित नहीं रहा।

हाल ही में हिउस एवं मुस्लिम त्यौहार कमेटी द्वारा शांति समिति की बैठक का बहिष्कार भी किया था, जिससे प्रशासनिक स्थिति और अधिक संवेदनशील हो गई थी। ऐसे में नए थाना प्रभारी संजीत परते के सामने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और सभी वर्गों के बीच विश्वास कायम करने की चुनौती होगी।

## कयामपुर गांव में फिर दिखा बाघ ग्रामीणों में दहशत



**दीवानगंज।** जिले के सांची ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया के कयामपुर गांव में एक बार फिर बाघ दिखाई देने से ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है। रविवार को गांव के पास गिरी के पीछे पहाड़ी क्षेत्र में बाघ देखे जाने की सूचना मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। लोग अपने घरों में सिमट गए और खेतों पर जाना बंद कर दिया।

घटना के बाद से ही ग्रामीण सतर्क थे, लेकिन आज दोबारा बाघ दिखने से डर और बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बाघ का लगातार गांव के आसपास मूवमेंट बना हुआ है। ग्रामीण मवेशियों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं।

### शिक्षक अध्यापक संयुक्त मोर्चा ने भरी आंदोलन की हुंकार

## पीईटी परीक्षा का विरोध, शिक्षक अध्यापक संयुक्त मोर्चा ने भरी आंदोलन की हुंकार

**जिला मुख्यालय पर 8 अप्रैल को प्रदर्शन, 18 को भोपाल में होगा प्रांतीय आंदोलन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला इकाई की बैठक नगर के सांदीपनी स्कूल में आयोजित की गई। बैठक में जिले भर से आए शिक्षक-अध्यापक प्रतिनिधियों की मौजूदगी में संगठन के जिला स्तरीय पदाधिकारियों का गठन किया। सर्वसम्मति से सूर्यप्रकाश सक्सेना को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया।

बैठक के दौरान शिक्षकों ने लंबित मांगों पर एकजुटता दिखाई और आने वाले दिनों में चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति पर भी मुहर लगाई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री सक्सेना ने बताया कि संगठन 8 अप्रैल को जिला मुख्यालय पर जंगी प्रदर्शन करेगा। संगठन विशेष रूप से पीईटी परीक्षा का विरोध कर रहा है और इसे निरस्त करने की मांग उठा रहा है।



इसी मुद्दे को लेकर पहले आगामी 11 अप्रैल को जिले के ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। जबकि 18 अप्रैल को भोपाल में प्रांतीय स्तर पर बड़ा आंदोलन आयोजित किया जाएगा।

बैठक में अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई, जिसमें उम्मेद सिंह ठाकुर को संरक्षक, सीताराम रायकवार को उपाध्यक्ष, रघुवीर सिंह भदौरिया को महामंत्री, हरिराम विश्वकर्मा को सचिव और एलएन प्रधान को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं राजकुमार खत्री, जसवंत सिंह चौहान, संजय रघुवंशी, कन्हैया लाल मालवीय और मुकेश शाक्य को सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## मौसम ने फिर ली करवट : गेहूं कटाई पर मंडराए संकट के बादल

**रायसेन।** शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। बीते एक-दो दिनों से आसमान पर बादलों का डेरा बना हुआ है। जिससे तेज गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ गई है। खासकर गेहूं चना की फसल की कटाई के दौर में बदला मौसम खेतों के लिए नई परेशानी लेकर आया है।

मौसम में आई इस नरमी से आमजन ने राहत महसूस की। लेकिन खेतों में पककर तैयार खड़ी गेहूं की फसल पर इसका असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि यदि इस दौरान बारिश या तेज हवा चलती है तो गेहूं की बालियां झुक सकती हैं, जिससे कटाई में परेशानी बढ़ेगी और उत्पादन पर भी असर पड़ेगा।

### वीरांगना घोष की बालिकाओं के समर्पण और सेवा भाव की सराहना

### नगर में धर्ममय वातावरण, मुनिश्री प्रयोग सागर महाराज की वाणी से गूंज रहा पारसनाथ जिनालय

## प्रकृति की रक्षा करना हर व्यक्ति का कर्तव्य वन सुरक्षित रहेंगे तो पर्यावरण संतुलित रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर के पारसनाथ जिनालय में इन दिनों आयोजित व्याख्यान माला धार्मिक चेतना और आध्यात्मिक जागरण का केंद्र बनी हुई है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में समाजजन यहां पहुंचकर मुनिश्री प्रयोग सागर महाराज की अमृतमयी वाणी का श्रवण कर रहे हैं। जिनालय परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो जाता है और प्रवचन के समय पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा और शांति से सराबोर हो उठता है।

मुनिश्री प्रयोग सागर अपनी सहज, सरल एवं प्रभावशाली वाणी के माध्यम से जीवन के गूढ़ सिद्धांतों को अत्यंत सहज रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। वे धर्म को केवल पूजा-पाठ तक सीमित न रखते हुए उसे व्यवहार में उतारने की प्रेरणा दे रहे हैं। उनके प्रवचनों का मुख्य उद्देश्य समाज को नैतिकता, संयम और सदाचार के मार्ग पर अग्रसर करना है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बना सके।



रविवार को व्याख्यान माला के दौरान मुनिश्री ने समाज की वीरांगना घोष की बालिकाओं के साहस, अनुशासन और सेवा भाव की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ये बालिकाएं कम उम्र में ही जिस समर्पण के साथ धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भाग ले रही हैं, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। मुनियों एवं आर्यिकाओं को आहार कराना, पाठशालाओं में शिक्षा से जुड़े कार्यों में सहयोग देना, औषधि दान जैसे सेवाभावी कार्य करना उनके उच्च संस्कारों का परिचायक है।

मुनिश्री ने कहा कि इस प्रकार के कार्य न केवल धार्मिक दृष्टि से पुण्यदायी हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सहयोग की भावना भी विकसित करते हैं।

उन्होंने समाज में एकता और परस्पर सहयोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को दूसरों का पूरक बनकर कार्य करना चाहिए, न कि आलोचना या नकारात्मकता में समय व्यतीत करना चाहिए। श्रमण और श्रावक के संबंधों को समझाते हुए उन्होंने कहा कि दोनों एक-दूसरे के बिना अधूरे हैं। जब तक समाज और संतों के बीच समन्वय नहीं होगा, तब तक धर्म की पूर्णता संभव नहीं है।

मुनिश्री ने पर्यावरण संरक्षण को भी धर्म से जोड़ते हुए कहा कि प्रकृति की रक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यदि वन, वृक्ष और वनस्पतियां सुरक्षित रहेंगी, तो पर्यावरण संतुलित रहेगा और मानव जीवन भी स्वस्थ बना रहेगा। वर्तमान समय में जिस प्रकार प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, वह चिंता का विषय है। यदि मनुष्य ने समय रहते अपनी आदतों में सुधार नहीं किया, तो इसके दुष्परिणाम गंभीर रूप से सामने आएंगे।

## जिला कार्यालय से लेकर हर बूथ पर मनाया जाएगा पार्टी स्थापना दिवस

### कल रायसेन आएंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, सिलवानी पहुंचेंगे क्षेत्रीय संगठन मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा की मौजूदगी में रविवार को बैठक आयोजित की गई, जिसमें विस्तार से रूपरेखा बनाई गई।

जिसके तहत जिला कार्यालय से लेकर प्रत्येक बूथ स्तर पर 6 अप्रैल को पार्टी का 47 व स्थापना दिवस उत्साह मनाया जाएगा। इस अवसर पर पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर स्थापना दिवस की खुशी में पार्टी ध्वज लगाएंगे।

भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी स्थापना दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया है इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा द्वारा पार्टी का ध्वज फहराया जाएगा। वही इस मौके पर




प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के लाइव प्रसारण को स्क्रीन पर देखा जाएगा।

जिलाध्यक्ष श्री शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल आगामी 7 अप्रैल को रायसेन आएंगे। इस दौरान वह भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित अपेक्षित जिला पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक में मौजूद रहकर मार्ग दर्शन देंगे, इसके बाद टोली बैठक में भाग लेंगे। कार्यक्रम के बाद मंडल प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। वहीं रायसेन नगर मंडल एवं साचेत मंडल द्वारा शगुन गार्डन में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ करेंगे।

7 अप्रैल को ही क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल सिलवानी, बम्होरी, प्रतापगढ़ मंडल प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेंगे।